# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611


पत्रांक– 2228 / FP/UK/ROAD/143491/2021 :देहरादून:दिनांकः 21 मार्च, 2022

सेवा में,
वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
पौड़ी।

**विषयः–** जनपद–पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत खण्डोलिया खेत से कौला–पुलटण्डा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.450 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

**सन्दर्भः–**आपकी पत्र संख्या–1990/12–1 दिनांक 05–03–2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरण में भारत सरकार द्वारा वांछित 2 बिन्दुओं की आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गयी है। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रेषित बिन्दु संख्या–5 की आख्या परिपूर्ण रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिस कारण प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी सम्भव नहीं है। अतः बिन्दु संख्या–5 के अनुपालन में पेड़ों की गणना यदि 7 मीटर चौड़ाई में की गयी है तो 7 मीटर ROW में कुल पेड़ों की सूची तथा उनका व्यासवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, तदोपरान्त प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु लिखा जाना सम्भव होगा।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्याः– 2228 / FP/UK/ROAD/143491/2021 दिनॉकित

1. **प्रतिलिपि** :– प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी को उपरोक्त सन्दर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि उक्त बिन्दुओं का शीघ्र निराकरण कर आख्या सम्बन्धित वन संरक्षक के माध्यम से मूल प्रति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।
2. **प्रतिलिपि** :–अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

o/c